डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन, शनिवार 07 फरवरी 2026 | वर्ष-04 अंक-185 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

## परीक्षा में सफलता की गारंटी आत्मविश्वास होता है, हड़बड़ी नहीं-मोदी

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छात्रों को परीक्षा के लिए तनाव पालने और ज्यादा नंबर लाने की होड़ की सोच पर ध्यान देने की बजाय जीवन के लक्ष्य की कसौटी पर खुद को कसते हुए निरंतर और धैर्य तथा आत्मविश्वास के साथ काम करते रहने की जरूरत पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।**



श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां अपने आवास पर परीक्षा पर चर्चा को लेकर देश की विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों से संवाद के कार्यक्रम में बच्चों से बात करते हुए कहा कि परीक्षा को बोझ नहीं मानना है और उसे आसानी से लेते हुए अपनी पढ़ाई करनी है। उन्होंने पुराने पेपर देखकर तैयारी करने को पुरानी बीमारी बताया और कहा कि नए दौर ने इसका कोई औचित्य नहीं है। यह एक तरह की बीमारी है इसलिए सहज रूप से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयारी करनी चाहिए और परीक्षा को तनाव की वजह या बोझ नहीं बनाना चाहिए।

प्रधानमंत्री से एक बच्चे ने सवाल किया कि जीवन में सपना पलना जरूरी है, श्री मोदी ने कहा कि सपना ना देखना जीवन के साथ सबसे बड़ा अपराध है। सपने से ही लक्ष्य बनते हैं और उससे शक्ति के साथ जीवन मे आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। कठिन से कठिन सपने को पाने के लिए अनुकूल मेहनत कर ही उसे पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को खुद का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए महापुरुषों की जीवनियां पढ़नी चाहिए।

श्री मोदी ने कहा कि किसी भी परीक्षा के लिए आत्मविश्वास जरूरी है और आत्मविश्वास तभी आता है जब सच्चे मन से अपने विषय को अपने लक्ष्य के अनुसार पढ़ते हैं। उनका कहना था कि परीक्षा के समय हड़बड़ी नहीं करनी होती है क्योंकि हड़बड़ी से सब कुछ गड़बड़ हो जाता है इसलिए हड़बड़ी के बजाय आत्मविश्वास और पूरी समझ के साथ ध्यान लगाकर अपने विषय के प्रश्नपत्र को हल करना है। हड़बड़ी के कारण कई बार जो सवाल आते हैं वे भी गड़बड़ा जाते हैं जितनी भी मेहनत की होती है वह सब कुछ बेकार हो जाता है।

## लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्षी दलों का हंगामा शुक्रवार को लगातार पांचवे दिन भी जारी रहा जिसके कारण सदन नहीं चला और लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।**

पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, तो विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी और हंगामा में करते हुए सदन के बीचों बीच आ गए। इस दौरान उन्होंने हंगामे के बीच ही जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाए।



हंगामा कर रहे सदस्यों से उन्होंने अपनी सीटों पर जाने का आग्रह किया और कहा कि हंगामे के बीच वह सदन की कार्यवाही नहीं चला सकते है इसलिए सभी सदस्य शांत होकर अपनी सीटों पर बैठ जाए। लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी और हंगामा तेज होता गया जिसकी कारण उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सदस्यों में भारी हंगामा किया। अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन हंगामा तेज होता गया जिसके कारण उन्हें सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

## प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही अपशब्द बोलेगा-खरगे

**नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है।**

श्री खरगे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर गुरुवार को दिये गये जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि श्री मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं।

जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल.. 75 साल.. 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि श्री मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री मोदी कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं जबकि सच यह है कि उन्होंने खुद सिखों का अपमान किया है। श्री मोदी ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का अपमान किया था।

दरअसल सिखों का अपमान तो प्रधानमंत्री ने किया है।

श्री मोदी ने कहा कि हमने सिखों का अपमान किया। मतलब सदन के बाहर दो लोगों की बातचीत हुई, उसे सिखों का अपमान कह दिया गया। उनका कहना था कि कांग्रेस सिखों का बहुत आदर करती है, कांग्रेस सरकार में डॉ. मनमोहन सिंह वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन श्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का।

श्री खरगे ने ये बातें दिखाती हैं कि श्री मोदी का मनोबल टूट चुका है, उनकी



रौनक कम हो गई है। वे कहते हैं मुझे गालियां देते हैं, दो किलो गालियां दीं, एक कुंतल गालियां दीं तो क्या गालियां तोलते हैं। उन्होंने मुझे तो बहुत गालियां दी हैं। और खुद के लिए कहते हैं दो-दो किलो, एक-एक कुंतल गालियां मुझे देते हैं और ये क्या है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा इंसान अगर लोकतंत्र और देश के लिए अपशब्द कहे, तो ये अच्छी बात नहीं है।

उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक के अंश पढ़ने नहीं देने का भी जिक्र किया और कहा वे कहते हैं कि किताब छपी ही नहीं है।

जब नरवणे जी की किताब हमें मिल गई, तो सत्ता में बैठे लोगों को कैसे नहीं मिली। वे संसद में कह रहे हैं कि किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है।

## अंडर-19 विश्व कप में भारत का दबदबा, छठी बार खिताब किया अपने नाम, फाइनल में इंग्लैंड को धोया

**नई दिल्ली। भारतीय टीम ने अंडर-19 विश्व कप में अपना दबदबा बरकरार रखा है। इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ भारतीय टीम ने तीनों विभागों में बेहतरीन प्रदर्शन किया और छठी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।**

भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर छठा खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा बार ट्रॉफी (6) जीतने वाली एकमात्र टीम है। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया ने 4 बार खिताब अपने नाम किया है।

युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए।

उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 311 रन पर ऑल आउट हो गया। 412 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पांचवें ही ओवर में जोसेफ मूर्स (17) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बेन मेयस ने बीजे डॉवकिंस ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। 13वें ओवर में खिलन पटेल ने बीजे डॉवकिंस को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। बीजे डॉवकिंस ने 28 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये।




कप्तान थॉमस रियू (31) को कनिष्क चौहान ने आउट किया। इसके बाद 21वें ओवर में भारत ने इंग्लैंड के तीन विकेट झटककर अपनी जीत पक्की कर ली। रलफी एलबर्ट (शून्य) रनआउट, फरहान अहमद (एक) और सेबेस्तियन मॉर्गन (शून्य) को दीपेश देवेंद्रन ने आउट किया। कैलेब फाल्कनर (115), जेम्स मिंटो (28) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड की टीम 40.2 ओवरों में 311 रन ही बना सकी और 100 रनों से मुकाबला हार गई। भारत के लिए दीपेश देवेंद्रन ने दो विकेट लिये। अम्ब्रिश को दो विकेट मिले, कनिष्क चौहान ने दो विकेट लिए,खिलन पटेल और आयुष म्हात्रे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज वैभव सूर्यवंशी (175) के विस्फोटक शतक, कप्तान मयंक अग्रवाल (53) और अभिज्ञान कुंडु (40) की पारियों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट पर 411 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंदों पर 175 रन में 15 चौके और 15 छक्के लगाये। उनके क्रीज पर रहते भारत 500 रन की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा था, लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में अच्छी वापसी की।

## माकड़ौन पुलिस द्वारा लहसुन की फसल की आड़ में अवैध अफीम की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते 1300 अफीम के पौधे कीमती 60,000 रुपए, किए गए जब्त

(अरशद जागीरदार)

**तराना। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक रंजन के पर्यवेक्षण तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग तराना भविष्य भास्कर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती, संग्रहण एवं तस्करी के विरुद्ध निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी क्रम में दिनांक 05.02.2026 को थाना माकड़ोन प्रभारी उनि प्रदीप सिंह राजपूत को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नांदेड निवासी रघुनाथ उर्फ रुगनाथ देवड़ा द्वारा नांदेड-देवली रोड स्थित खसरा क्रमांक 1458 के अपने खेत में लहसुन की फसल के बीच पाली पर किनारे-किनारे अवैध रूप से अफीम के पौधे उगाए गए हैं, जिन्हें शीघ्र नष्ट कर साक्ष्य मिटाने की संभावना है। सूचना को तत्काल अधिकारियों को अवगत कराया गया। स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर वैधानिक प्रक्रिया के अंतर्गत तलाशी कार्रवाई की गई।

**मौके पर की गई कार्यवाही-**

खेत की सूक्ष्मता से तलाशी लेने पर लहसुन की फसल के बीच कतारबद्ध रूप से छोटे-छोटे हरे पौधे लगे मिले। पौधों को तोड़कर, मसलकर एवं सूंघकर पहचान परीक्षण करने पर वे अफीम के पौधे पाए गए आरोपी से अफीम की खेती से संबंधित कोई वैध लाइसेंस अथवा अनुमति पत्र प्रस्तुत करने हेतु कहा गया, जिस पर उसने किसी प्रकार का वैधानिक दस्तावेज न होना स्वीकार किया तथा अवैध रूप से खेती करना कबूल किया।



**जब्ती की विस्तृत जानकारी-**

26 गठ्ठरों में कुल 1300 अफीम के पौधे, प्रत्येक पौधे की औसत लंबाई लगभग 25 सेंटीमीटर, कुल वजन लगभग 06 किलो 100 ग्राम, अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 60,000 रुपये

**आरोपी की गिरफ्तारी-**

आरोपी रघुनाथ उर्फ रुगनाथ देवड़ा पिता आत्माराम देवड़ा, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम नांदेड, थाना माकड़ोन जिला उज्जैन को मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 8/18(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**सराहनीय भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम-**

इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि प्रदीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में आरक्षक कृष्णवल्लभ शर्मा, कुंदन सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रकाश मेहता, सैनिक अभिषेक सिंह, मांगीलाल, बहादुर सिंह सहित समस्त पुलिस बल एवं स्वतंत्र साक्षियों का विशेष योगदान रहा।

उज्जैन पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान निरंतर जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## शिक्षकों की अनूठी पहल, 78 लाख की मदद से संवारा दिवंगत साथियों का भविष्य




(राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367)

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश के कर्मचारी संगठनों के इतिहास में पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ ने सेवा और एकजुटता की एक नई इबारत लिख दी है। संघ द्वारा संचालित कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से अब तक दिवंगत सदस्यों के परिवारों को कुल 78 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। हाल ही में दतिया जिले के शिक्षक स्वर्गीय राकेश अहिरवार के आकस्मिक निधन के बाद संगठन ने उनके परिजनों को 38 लाख रुपये की सम्मानजनक राशि सौंपकर एक बड़ा आर्थिक संबल प्रदान किया। इससे पूर्व दमोह के स्वर्गीय दिलीप सिंह लोधी के परिवार को भी 40 लाख रुपये की सहायता दी गई थी। यह योजना राष्ट्रीय स्तर पर कर्मचारी संगठनों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। प्रांतीय प्रमुख सतीश खरे और प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया के अनुसार यह संगठनात्मक एकता का ही परिणाम है कि आज मध्य प्रदेश का शिक्षक बिखरा हुआ नहीं है। संघ केवल अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ रहा बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाकर परिवारों को असहाय होने से भी बचा रहा है।

अशोक नगर जिले में मुख्य रूप से नीलम अग्रवाल ( जिला प्रभारी महिला प्रकोष्ठ), रामकृष्ण जाटव ( जिला प्रभारी आई टी सेल), राजेंद्र सिंह नरवरिया (ब्लाक अध्यक्ष मुगावली), आजाद सिंह सोलंकी ( ब्लाक अध्यक्ष चंदेरी), सिद्ध सागर श्रीवास्तव, शैतान सिंह यादव , मोहर सिंह अहिरवार, मोहर सिंह कुशवाहा, प्रदीप कुमार सुमन, अनीस खान जितेन्द्र रघुवंशी, वीरेन्द्र राठौर आदि सदस्य इस योजना के सफल संचालन में युद्ध स्तर पर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## लापरवाही से वाहन चलाकर महिला को घायल करने वाले आरोपी को 2 साल की सजा

(उपेन्द्र पाटोदिया)

**रतलाम/जावरा।** जावरा के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री शिवानी राठौर ने छह वर्ष पूर्व लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही आरोपी पर दो हजार रूपये का अर्थ दंड भी लगाया है। पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुनिल सिंह खेर ने बताया कि 26 जुलाई 2019 को फरियादी टीकमचंद ने औद्योगिक थाना क्षेत्र जावरा में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी भानेज गायत्री अपनी स्कूटी से ग्राम भीमाखेडी आ रही थी, तभी शाम करीब 6 बजे रतलाम तरफ से आ रहा एक कंटेनर कमांक एच.आर. 55 एक्स. 6635 का चालक अपने कंटेनर को तेजगति व लापरवाही से चलाकर लाया और उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसका दाहिना पैर कुचल गया। मौके पर कंटेनर चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रजाउल्लमुस्तफा निवासी धुनका जिला बरेली का होना बताया।



घायल गायत्री को इलाज हेतु सिविल अस्तपाल लेकर गये थे, जहां उसका प्राथमिक इलाज हुआ था, जिसके पश्चात गायत्री को बडोदरा गुजरात ले गये थे। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरूद्ध थाना-औद्योगिक क्षेत्र जावरा द्वारा अपराध क्रमांक-362/2019, अंतर्गत धारा-279,337 भा. द.वि. का पंजीबद्ध कर, मामले को जांच में लिया गया। जांच के दौरान साक्षियों के कथन उनके बताए अनुसार लेखबद्ध किये गये। अभियुक्त-रजाउला मुस्तफा के विरूद्ध उपरोक्त धाराओं के अंतर्गत अपराध पाये जाने से अपराध कायम कर, जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## अवैध मादक पदार्थ के अंतर्राज्यीय तस्कर पर मंदसौर पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही

**मंदसौर।** म.प्र. शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले आरोपियों के विरूद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रसारित किये गये है। उक्त निर्देशों के अनुपालना हेतु जिला पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीना द्वारा जिले में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है जिसका जिला स्तरीय पर्यवेक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर तेर सिंह बघेल द्वारा किया जा रहा है। अवैध मादक पदार्थ के तस्करों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु नरेन्द्र सोलंकी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ के मार्गदर्शन में प्रभारी थाना प्रभारी नारायणगढ द्वारा आदतन अवैध मादक पदार्थ तस्कर सद्दाम पिता लाल मोहम्मद मुसलमान उम्र 32 वर्ष नि. बुढा के विरूद्ध स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 (PIT-NDPS Act) के तहत कार्यवाही कर प्रतिवेदन जिला पुलिस अधीक्षक मंदसौर द्वारा जिला दण्डाधिकारी मंदसौर के माध्यम से आयुक्त महोदय उज्जैन को प्रेषित किया गया था, जिसमें स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 (PIT-NDPS Act) के तहत निरोधात्मक आदेश पारित किया गया है, जिसे दिनांक 05.02.26 को गिरफ्तार कर आज दिनांक को केन्द्रीय जेल इंदौर दाखिल किया गया। विनोद कुमार मीना, पुलिस अधीक्षक मन्दसौर के मार्गदर्शन में जिले के सूचीबद्ध अवैध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त अपराधियों के आपराधिक रिकॉर्ड को ICIS पोर्टल के माध्यम से अद्यतन किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत नरेन्द्र सोलंकी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त आरोपियों के रिकॉर्ड को अद्यतन कर उनका डोजियर निर्मित किया है, जिसमें सद्दाम पिता लाल मोहम्मद मुसलमान उम्र 32 वर्ष नि. बुढा पर कुल 13 अपराध पंजीबद्ध है जिसमें से 05 अपराध अवैध मादक पदार्थ तस्करी के है, जिसमें म.प्र. के जिला मंदसौर, नीमच, झाबुआ एवं राजस्थान के थाना जलोदा जागीर, छोटी सादडी जिला प्रतापगढ़ में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के अपराध है। आरोपी सद्दाम पर अवैध मादक पदार्थ तस्करी के अतिरिक्त शेष 08 अपराध आग्नेय शस्त्रों की तस्करी से संबंधित है। इस प्रकार आरोपी कुख्यात अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के साथ साथ कुख्यात आग्नेय शस्त्र तस्कर भी बन चुका है।



## 16 वर्ष की नाबालिग को 700 किलोमीटर की दूर से ढूंढने, कब्जे से छुड़ाने और आरोपी को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

**मंदसौ।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के द्वारा गुम नाबालिग बालक-बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारीयों को दिये गये जिसके पालन में कार्यवाही करते एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल एवं SDOP महोदय मंदसौर ग्रामीण कीर्ति बघेल के मार्गदर्शन तथा उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी थाना दलौदा के नेतृत्व मे दलोदा पुलिस टीम ने 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरो को चेक कर 700 किलोमीटर की दूर ग्रेटर नोएडा 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश से ट्रेस कर आरोपी मोहम्मद शकील पिता मोहम्मद अमीर निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश से आरोपी के कब्जे से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 26.01.2026 को सूचनाकर्ता द्वारा अपनी पुत्री नाबालिग बालिका के अपहरण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी रिपोर्ट पर से थाना दलोदा पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया बाद थाना प्रभारी महोदय द्वारा गठित टीम को रवाना कर घटना स्थल अन्य संभावित स्थानो पर तलाश करते विश्वसनीय मुखबीरो एवं सूचनाकर्ता के रिश्तेदारो की मदद से सुचना संकलन कर अपने व्यवसायिक कौशल का उपयोग कर 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे को चेक कर 700 किमी दूर ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश से नाबालिग बालिका को आरोपी मुहम्मद शकील पिता मोहम्मद अमीर निवासी मेरठ के कब्जे से सकुशल दस्तयाब कर माता पिता को सुपुर्द किया।



**गिरफ्तार आरोपी**-मुहम्मद शकील पिता मोहम्मद अमीर उम्र 32 साल निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश।

**सराहनिय कार्य**-उनि शुभम व्यास थाना प्रभारी दलौदा, उनि पुर्णिमासिंह,सउनि प्रमोद तोमर, प्रआर अजीत सिंह, आर विजेन्द्रसिंह, आरक्षक मुजफ्फर साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुहावरे का प्रयोग......? अलग हट कर-प्रदेश की राजनीतिक और प्रशासनिक नोक-झोक पर, संघर्ष से सिद्धि की विशेष पेशकश......संजय जैन-सह संपादक की कलम से..............

# एलिवेटेड कॉरिडोर और हाथी के दांत.........वहां पिता रहे, यहां बेटा अध्यक्ष....

## एलिवेटेड कॉरिडोर और हाथी के दांत.....

झाबुआ/इंदौर (संजय जैन-सह संपादक)। सेवा सुरभि ने इंदौर की ट्रैफिक समस्या को लेकर बैंगलुरु से


अतुल शेठ


मंत्री विजयवर्गीय

ट्रैफिक विशेषज्ञ आशीष वर्मा का व्याख्यान रखा था। सांसद,महापौर सुनते रहे कि इंदौर में मेट्रो,एलिवेटेड ब्रिज जरूरी नहीं है। चार दिन बाद ही रेसीडेंसी में हुई बैठक में इन जनप्रतिनिधियों ने एलिवेटेड कॉरिडोर को जरूरी बताते हुए समर्थन दे दिया। जनप्रतिनिधियों के इस ढुलमुल रवैये के कारण ही वर्मा का व्याख्यान कराने वाले अतुल शेठ को न्यायालय की शरण लेना पड़ी। रेसीडेंसी कोठी में मंत्री विजयवर्गीय की अध्यक्षता में एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर हुई पहली बैठक में तय तो यह हुआ था कि सबके सुझाव सुनने के बाद आठ दिन बाद दूसरी बैठक में निर्णय लेंगे,लेकिन दूसरी बैठक से पहले ही काम शुरु कर के प्रशासन ने यह संदेश दे दिया कि पहली बैठक तो बस औपचारिकता थी,प्रशासन सारी तैयारी तो पहले ही कर चुका था।




## वहां पिता रहे, यहां बेटा अध्यक्ष....


मनीष यादव-अध्यक्ष
हाई कोर्ट बार एसोसिएशन

नगर निगम कर्मचारी महासंघ में लंबे समय कैलाश व्यास अध्यक्ष रहे। नगर निगम सहकारी संस्था का अध्यक्ष बन कर रमेश यादव नेता ने स्व.व्यास के तिलिस्म को तोड़ा था। डिप्टी सीएम स्व.सुभाष यादव के खास रहे यादव की पत्नी,बेटी का कोरोना में निधन हो गया। तब मनीष यादव हाईकोर्ट एडवोकेट के रूप में पहचान बना रहे थे। अब हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में मनीष यादव अपने चार निकटतम प्रतिद्वंदियों को हराकर अध्यक्ष बन गए हैं। पिता ने निगमकर्मियों की सहकारी संस्था की बागडोर संभाली थी तो बेटा अब वकीलों की बड़ी संस्था की जिम्मेदारी निभाएगा। कमी तो उन्हें भी खलती होगी,कि इस सफलता पर पीठ थपथपाने वाले पिता का हाथ नहीं है।

## बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना....


बाबा रामदेव


पंडित धीरेंद्र शास्त्री

बाबा रामदेव ने एक बार फिर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की शादी की बात छेड़ दी, वो भी उन्हीं के मंच से ही। बाबा ने उनसे कहा-आप आज बड़े क्यूट लग रहे हो। फिर हंसते हुए जोड़ा कि महाराज मुझे देखकर घबरा जाते हैं कि कहीं मैं इनकी शादी न करा दूं। योग गुरु यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा-मैंने तो बिटिया भी देख रखी है।

### मुहावरे का प्रयोग......? संघर्ष से सिद्धि की विशेष पेशकश......

## रूई के ढेर में सुई खोजना.....


ज्योतिरादित्य सिंधिया-केंद्रीय मंत्री

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के चुनाव के लिए भरे गए नामांकन पत्र में मप्र से सीएम सहित 22 नेता दिल्ली पहुंचे थे। उस ग्रुप फोटो में बस केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को ढूंढना ही मुश्किल रहा।

## अंगूर खट्टे हैं.......


डॉ.मोहन यादव-सीएम


जगन्नाथ सिंह रघुवंशी-विधायक,चंदेरी

सीएम डॉ.मोहन यादव हाल ही में अशोकनगर जिले के मढ़ी महिदपुर गांव पहुंचे थे। यहां गांव के खिलाड़ियों ने उन्हें रोककर स्टेडियम और खेल मैदान बनाने की मांग रखी थी। सीएम ने चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी से कहा कि खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम बनवाया जाए। इसी दौरान बच्चों ने बताया कि वे पहले भी विधायक से यह मांग कर चुके हैं,लेकिन वे सुनते ही नहीं।

## बोलती बंद........


मंत्री विजय शाह

अक्सर अपने बयानों की वजह से सुर्खियों और विवादों में रहने वाले मंत्री विजय शाह की आवाज उनकी ही सरकार ने बंद कर दी है। ऐसा इसलिए कहना पड़ रहा है क्योंकि जनसंपर्क विभाग की ओर से मीडिया को दिए जा रहे मंत्री शाह के वीडियो अब म्यूट करके जारी किए जा रहे हैं। शाह के कारण सरकार की हालत ऐसी हो गई है कि दूध का जला अब छाछ भी फूंक-फूंककर पी रहा है।

## जय लक्ष्मी मैया..


पीपल्दागढ़ी पंचायत में गणतंत्र दिवस पर घनघोर लापरवाही

धरमपुरी-धार की पीपल्दागढ़ी पंचायत में गणतंत्र दिवस पर घनघोर लापरवाही सामने आई। यहां भारत माता की तस्वीर की जगह लक्ष्मी माता की तस्वीर रखकर पूजा-अर्चना कर दी गई। जब ग्रामीणों की इस पर नजर पड़ी तो वे गुस्सा हो गए और पंचायत कर्मचारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

## गेहू के साथ घुन पीसा.....


प्रधानमंत्री मोदी



आदित्य सिंह-कलेक्टर,अशोक नगर

अशोक नगर जिले का ये वही आनंदपुर धाम है जिसके कार्यक्रम में कभी प्रधानमंत्री मोदी आए थे। कहां तो एसआईआर में पूरे प्रदेश में बेस्ट परफार्मेंस के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह को सम्मानित होना था,लेकिन इस धाम को लेकर मची धमाचौकड़ी उनको हटाए जाने का कारण बन गई।

## न माया मिली ना राम.....

नगरीय निकायों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है,एल्डरमैन की नियुक्ति के इंतजार में सारे दावेदार हताश हो चुके हैं। कई दावेदारों ने तो संगठन को साफ कह दिया है कि एक साल के लिये नियुक्त किए जाने का मतलब नहीं। अब ये दावेदार नगरीय निकाय चुनाव में मौका दिये जाने की हुंकार भरने वाले है।

## पानी सिर से ऊपर..

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के शहीदों ने प्रदेश के जल स्त्रोतों की जांच-पड़ताल के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों को सचेत तो कर ही दिया है। नर्मदा और बेतवा जैसी नदियों में हैजा फैलाने वाले और तवा में मलमूत्र वाले बैक्टीरिया मिलना चिंताजनक है। उज्जैन की क्षिप्रा नदी की जांच भी जरूरी है क्योंकि सिंहस्थ में थोड़ा समय ही बचा है।

## सम्पादकीय.......

### विचार और टकराव

पिछले कुछ समय से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच दुनिया भर में तेजी से नीतिगत स्तर पर भी बदलाव होते देखे जा रहे हैं और नई व्यवस्था की जमीन बनती दिख रही है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में स्थितियां संभाली नहीं जा पा रही हैं, तो ऐसे में स्पष्ट दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। बजट सत्र के सातवें दिन संसद में जिस तरह की स्थितियां पैदा हुईं, वे निश्चित रूप से लोकतांत्रिक परंपराओं में संवाद के समांतर एक बार फिर मतभेदों के तीखे होने को ही दर्शाता है। मौजूदा सत्र में पिछले कई दिनों से लगातार हंगामे की स्थिति बनी रही और सदन की कार्यवाही बाधित होती रही। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देने वाले थे, लेकिन शोर-शराबे और हंगामे की वजह से सदन को स्थगित कर दिया गया था।

विपक्षी दलों की ओर से उठाए गए सवालों और उतार-चढ़ाव के बीच आखिर गुरुवार को प्रधानमंत्री ने राज्यसभा को संबोधित किया। जबकि विपक्ष के नेता को न बोलने देने का मुद्दा उठाते हुए विपक्षी दलों ने सदन का बहिष्कार किया। दूसरी ओर सरकार का कहना था कि विपक्ष सदन नहीं चलने दे रहा। जाहिर है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जहां समग्र चर्चा होनी चाहिए थी, वहां सदन हंगामे की वजह से बाधित हुआ। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ने सरकार के फैसलों और नीतियों को स्पष्ट करते हुए राज्यसभा में अपनी राय रखी। इससे पहले दूसरे विश्वयुद्ध के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब बदल रही है और अगर इसे तटस्थ भाव से देखा जाए, तो साफ लग रहा है कि झुकाव भारत की ओर है। दरअसल, हाल के वर्षों में विकसित देशों के कूटनीतिक टकरावों और उससे उपजे हालात के बीच वैश्विक दक्षिण के रूप में देखे जाने वाले देशों की समस्याओं पर आवाज उठने की प्रक्रिया जिस तरह धीमी पड़ रही थी, उसमें भारत को एक उम्मीद की नजर देखा जा रहा था। इसी को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में वैश्विक दक्षिण को लेकर होने वाली चर्चा के सूत्रधार के साथ-साथ भारत को वैश्विक दक्षिण की बुलंद आवाज के रूप में देखा जाता है। भारत के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते नीतिगत स्तर पर आने वाले समय में काफी अहम साबित होने वाले हैं और उसके परिणामों को लेकर अभी से उत्सुकता है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने हाल ही में यूरोपीय संघ के साथ समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपनी पहल से समझौता करता है, तो यह अर्थजगत के लिए एक बड़ा संदेश है। इनमें 'सभी समझौतों की जननी' माने जाने वाले यूरोपीय संघ के सत्ताईस देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। इसी को अहम मानते हुए प्रधानमंत्री ने एक नई वैश्विक व्यवस्था और उसमें भारत की खास जगह बनने का संकेत दिया। इसके अलावा, दुनिया के कई समृद्ध देशों में बढ़ती बुजुर्ग आबादी गंभीर चिंता का एक कारण बन रही है। ऐसे में भारत अपनी युवा आबादी के बूते बेहतर भविष्य की उम्मीद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने भी इसे दर्ज किया कि विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है और हमारे पास युवा प्रतिभाएं हैं, जिनके पास संकल्प, सपने और सामर्थ्य हैं।

# जिले के रामा विकासखण्ड में जैविक उपज विक्रय हाट बाजार का आयोजन

संजय जैन सह संपादक

**झाबुआ। जिले में प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का आयोजन 6 फरवरी को रामा विकासखण्ड मुख्यालय पर किया गया है। इसमें बिना रासायनिक खाद, कीटनाशक रहित उगाए गए दाले, मसाले, फल, सब्जी, अनाज की बिक्री प्रमुख केंद्र रही। जैविक उपज बाजार का संचालन अंचल के जैविक, पारंपरिक, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों द्वारा किया गया।**

कलेक्टर नेहा मीना द्वारा विशेष पहल करते हुए जिले में जैविक उपज का साप्ताहिक बाजार लगाने के निर्देश कृषि, उद्या निकी जैसे कृषिगत विभागों को दिए गए। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में 06 फरवरी 2026 शुक्रवार को दशहरा मैदान रामा में पृथक से जैविक उपज का हाट बाजार लगाया गया।

जैविक बाजार में अंचल के जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों ने अपनी गुणवत्ता और पोषण से युक्त खा?द्यान सामग्री आमजन को विक्रय के लिए उपलब्ध कराई।

साप्ताहिक रूप से पृथक से लगाए गए जैविक उपज बाजार में किसानों द्वारा अपने खेत में उगाई देशी मक्का, अरहर दाल, उड़द दाल, मूंग की जैविक दाले, देशी चावल, कोदो, देशी किस्म की सेम, बैगन, अमरूद, देशी टमाटर, गाजर, मक्का के भुट्टे जैसे उत्पाद सुलभ कराए गए थे। इन जैविक उत्पादों की गुणवत्ता अंचल के आमजनों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। जिले के उप संचालक कृषि एन एस रावत ने स्वयं जैविक उपज बाजार में उपस्थित होकर अंचल के किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए जैविक उपज सीधे किसानों से खरीदी। श्री रावत ने कहा कि हर आम जागरूक व्यक्ति बिना रासायनिक खाद के उगाए गए खाद्यान्न, फल और सब्जी का उपयोग करना चाहता है। जिले में कई किसान, स्वयं सहायता समूह जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से सब्जियों, फलों तथा कोदो, कॅगनी, रागी जैसे अनाजों की खेती कर रहे हैं। जैविक बाजार के माध्यम से जैविक और प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को अपने जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान प्राप्त होता है। जिससे जैविक खेती करने वाले किसानों को अपनी उपज का समुचित दाम प्राप्त होने से उनके जैविक खेती करने के मनोयोग को संबल मिलेगा, अन्य कृषक भी जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। किसानों के मध्य जैविक और प्राकृतिक उत्पाद बेचने के लिए भरपूर



उत्साह था और उनके द्वारा आमजनता से इस सुविधा का लाभ उठाने का आव्हान भी किया।

जैविक बाजार में अपनी उपज विक्रय करने के लिए मुख्य रूप से ग्राम पलासड़ी के अनिल रामसिंह, ग्राम साड से कमती खुमान, नवापाड़ा रोटला के पुंजा भाभर जैसे अग्रणी पंक्ति के किसानों ने अपनी उपज विक्रय के लिए भागीदारी दर्ज की। साप्ताहिक रूप से आयोजित होने वाले जैविक बाजार में कृषि विभाग के सहायक संचालक श्री एस.एस.रावत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ज्वाला सिंगाड़, तकनीकी प्रबंधक राजेश भूरिया, आरती गणावा, अमीषा चौहान द्वारा सक्रिय सहभागिता दर्ज करते हुए अपनी महती भूमिका निर्वाहित की गई।

# बिना प्रिस्क्रिप्शन एंटीबायोटिक दवाइयों के विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

(उपेंद्र पाटोदिया)

**रतलाम।** दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर बिना प्रेस्क्रिप्शन एंटीबायोटिक दवाईयों के विक्रय के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि जिले में 1147 संस्थाऐं, रिटेल विक्रेताओं की संख्या 712, होलसेल विक्रेता 335 है। औषधि निरीक्षकों द्वारा सितंबर से दिसंबर तक कुल 45 संस्थाओं का निरीक्षण किया गया है।

इनमें से बिना प्रेस्क्रिप्शन एंटीबायोटिक दवाईयों के विक्रय के संबंध में बालाजी मेडिकल खारवाकला, रतनश्री मेडिकल स्टोर ढोढर, पितृकृपा, मेडिकल एंड जनरल स्टोर ढोढर, प्रकाश मेडिकल एजेंसी सुभाष मार्ग रतलाम, सन्मति मेडिकल स्टोर धानमंडी रतलाम, वी एम मेडिकल नाहरपुरा रतलाम का ड्रग लाईसेंस निलंबित किया गया है।

# कलेक्टर ने ग्राम मोहरीराय में किया गौशाला, आंगनवाडी एवं पंचायत भवन का निरीक्षण

राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम पंचायत मोहरी राय का भ्रमण कर आंगनवाडी केन्द्र, गौशाला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला संचालन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही गौशाला संचालन हेतु आवश?यक निर्देश संबंधितों को दिए। इस दौरान गौशाला के गौवंश को चारा खिलाया। कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत मोहरी राय स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 एवं 02 का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाए जाने के निर्देश आंगनवाडी कार्यकर्ता को दिए।

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को आंगनवाडी केन्द्र पर नियमित रूप से परिचय पत्र पहनकर उपस्थित रहने के निर्देश दिये। आंगनवाड़ी में वजन मशीन को संधारित किये जाने की निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए की आंगनवाडी केन्द्र पर बच्चों को शाला पूर्व गतिविधियां आयोजित की जाए। साथ ही बच्चों को गुणवत्ता मध्यान्ह भोजन मिले यह




सुनिश्चित किया जाए।


निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भवन मोहरी राय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत के विकास कार्यो सहित शासकीय योजनाओं क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ग्राम मोहरीराय स्थित माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के साथ प्रार्थना में शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक व्यवस्था के संबंध बच्चों से संवाद किया। साथ ही स्कूल संचालन के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

# तराना नगर के महादेव खोरा से पल्सर बाइक चोरी

(अरशद जागीरदार)

**तराना। नगर में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है कल तराना नगर के समीप महादेव खोरा से दिन के करीब 2 बजे चोरों द्वारा पल्सर मोटरसाइकिल mp 13 52 3350 बाइक को चोरी कर ले भागे।**

बंटी पिता गणेश महादेव खोरा के पास अपने खेत पर मोटर चालू करने गया था जब वह वापस लौटा तो बाइक दो अनजान चोर ले उड़े ग्रामीणों से जब बंटी ने जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि आप की बाइक एक व्यक्ति जरनिय



रोड पर ले जाते देखा उसके साथ एक लड़का ओर था जिसके पास ष्त्र डीलक्स बाइक थी दोनों ज़रनिय रोड तरफ गए हैं।

ग्रामीणों ने तराना थाने पहुंच शिकायत कर आवेदन दिया है। तराना थाना प्रभारी श्रीराम नारायण भदौरिया ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस जांच कर रही हैं।

# दमोह पुलिस अधीक्षक की नई पहल- स्कूलों में शुरू हुई 'हौसला पेटी'




**दमोह। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उनकी समस्याओं के समय पर समाधान और आत्मविश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से दमोह पुलिस अधीक्षक द्वारा एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल के अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों में ÷हौसला पेटी÷ स्थापित की गई है।**

इस व्यवस्था के माध्यम से यदि किसी छात्र या छात्रा को किसी प्रकार की परेशानी, डर, उत्पीड़न, मानसिक दबाव अथवा अन्य किसी समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वे बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत लिखकर हौसला पेटी में डाल सकते हैं। शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि बच्चे निडर होकर अपनी बात साझा कर सकें। पुलिस विभाग द्वारा नियमित अंतराल पर इन पेटियों की जांच की जाएगी और प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए आवश्यकतानुसार त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, सकारात्मक और भरोसेमंद वातावरण तैयार करना है।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों से इस पहल में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी समस्याओं को छिपाने के बजाय खुलकर साझा करने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। यह पहल न केवल बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ करेगी, बल्कि उनमें विश्वास हौसले का संचार भी करेगी।

## एमपी राज्य हज कमेटी ने बैतूल जिले के हज यात्रियों के प्रशिक्षण एवं टीकाकरण की जिम्मेदारी शारिक खान को सौंपी

(ब्यूरो चीफ राकेश सिंह)
8226096301

**बैतूल। मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी द्वारा हज 2026 के अंतर्गत बैतूल जिले से जाने वाले हज यात्रियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं टीकाकरण व्यवस्था के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शारिक खान का पुनः चयन किया गया है।**

एमपी राज्य हज कमेटी, भोपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार शारिक खान को बैतूल जिले में हज यात्रियों को हज से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने, टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अंतर्गत हज यात्रियों को यात्रा, इबादत, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां दी जाएंगी। शारिक खान ने इस अवसर पर एमपी राज्य हज कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बैतूल जिले के सभी हज यात्रियों को बेहतर, सुव्यवस्थित और समयबद्ध प्रशिक्षण एवं टीकाकरण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष हज यात्रियों को पहले से अधिक बेहतर व्यवस्थाएं मिलेंगी।



# मेगा ट्रेड फेयर मेला का भाजपा नेता सोमानी ने फिता काटकर किया भव्य शुभारंभ, मिलेगे सभी आयटम

**जावद।** देश, प्रदेश की सुप्रसिद्ध वॉईस आफ स्टोन सिटी द्वारा प्रायोजित मेगा ट्रेड फेयर का भाजपा नेता नारायण सोमानी ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी फिता काटकर भव्य शुभारंभ किया साथ ही विधि-विधान से गणपति महाराज की पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया। मेला संचालक आदित्य मिश्रा राजसमंदर ने मुख्य अतिथियों का दुपट्टा ओढाकर स्वागत सम्मान किया।

सम्मान समारोह में भाजपा नेता नारायण सोमानी ने कहा नगर में वर्षो से मेला लगता है सभी मेले का मेरे हाथों शुभारंभ होता है, नगरवासी, आसपास क्षेत्र के रहवासी मेले में आकर अपने अपने जरूरत के हिसाब से सामग्री खरीदकर दुकानदारों का उत्साह बढावे ताकी मेला में दुकानदार दौबारा आए।

भाजपा नेता सोमानी ने आगे कहा नगर में शीघ्र ही सुप्रसिद्ध जादुगर भी आएगे, आंखो पर पट्टी बांधकर नगर भ्रमण करेंगे, सामुदायिक भवन पर कुछ दिनों तक लोगो का मनोरंजन करके



अलग अलग प्रकार के जादू दिखाएंगे, इसके लिए चर्चा चल रही है। सुप्रसिद्ध मेला संचालक आदित्य मिश्रा राजसमंदर ने कहा एक ही छत के नीचे गर्म ऊंनी वस्त्र, महिला, पुरूषो, बच्चों के रेडीमेड आयटम, जोधपुर की मौजडी, जुते, चप्पल, सभी प्रकार के क्राकरी आयटम, बैंगल्स, बैग, लेडिस पर्स, मोबाइल कवर, बेल्ट, चश्मा, खाने हेतु भेलपूरी, चाट, पानी पूरी, आइस्क्रीम, ठंडा प्रेय सहित सामग्री मिलेगी, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला, चक्री सहित आयटम रहेंगे। मेले का शुभारंभ के दौरान नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले भाजपा नेता नारायण सोमानी, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष संदीप बाफना, नीमच जिला प्रेस क्लब जिला कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, समाजसेवी कन्हैयालाल वीरवाल जैन, लाला चंदेल, राजपाल सिंह चुंडावत, मेला संचालक आदित्य मिश्रा राजसमंदर, दिनेश पहलवान जावद, लोकेंद्र सिंह हाडा, जितेश रानीखेडा, मुरली मोहन परिहार झालावाड, सावत्री बाई पटवा दीपक कहार सहित महिला, पुरूष, युवाजन, आसपास क्षेत्र के रहवासी मौजूद थे। संचालक संदीप बाफना ने किया।

आभार मेला संचालक आदित्य मिश्रा ने माना।

## पुलिस में पदस्थ एएसआई अमरजीत कौर यादव ने राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स मेडल, जीत कर जिले का बढ़ाया मान

(एजाज खान बुरहानपुर)

**बुरहानपुर।** महाराष्ट्र प्रांत के पिंपरी चिंचवड नगर पुणे में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित आठवी राष्ट्रीय मास्टर्स खेल प्रतियोगिताओं में हेमर थ्रो, कबड्डी में हासिल किए मेडल पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार नेस.उ.नि.अमरजीत कौर यादव का सम्मान कर प्रोत्साहित किया गया जिला बुरहानपुर पुलिस विभाग में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अमरजीत कौर यादव ने महाराष्ट्र प्रांत के पिंपरी चिंचवड नगर पुणे में 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित आठवी राष्ट्रीय मास्टर्स विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत मध्यप्रदेश दल में



अमरजीतकौर यादव ने 30+एवं 40+आयु वर्ग में कबड्डी में 02 रजत पदक एवं 40+आयु वर्ग में हेमर थ्रो में कास्य प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता में 36 राज्यों के करीबन 6000 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर देवेन्द्र पाटीदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी बुरहानपुर गौरव पाटील द्वारा बुरहानपुर पुलिस का नाम रोशन करने पर स.उ.नि. अमरजीत कौर यादव का सम्मान किया एवं इस उपलब्धी के लिए उन्हें पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# खाचरोद शहर में सर्व श्री स्वस्तिकाये सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

(खाचरोद/गिरधारी गेहलोत की खास रिपोर्ट)

**उज्जैन।** जिले का सबसे बड़ा आयोजन खाचरोद प्रीमियर लिंग जो कि लगातार एक महीने तक चलेगा, क्रिकेट टूर्नामेंट अब बहुत ही रोमांचक मोड पर आ चुका है कार्यक्रम संयोजक स्वच्छता समिति के सभापति नारायण मंडावलिया व अध्यक्ष जितेंद्र जैन ने बताया कि ये आयोजन आई पी एल की दर्ज पर के पी एल सीजन फोर किया जा रहा है लगातार चौथे वर्ष आयोजित हो रहे आयोजन में आकर्षण का केंद्र रात्रिकालीन इस टूर्नामेंट में शानदार विद्युत सज्जा सबका मन मोह रही है। काफी संख्या मे महिलाए भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने आ रही है इसके साथ ही एक महीने में सैकड़ों समाजसेवियों,



अधिकारियों, राष्ट्रीय खिलाड़ी, राजनीतिक दल के लोगों का रोजाना सम्मान किया जा रहा है, रोजाना दो बेस्ट खिलाड़ियों का मेन ऑफ द मैच से सम्मान भी किया जा रहा है, एक महीने तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 14 फरवरी को होगा जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली टीम को 71 हजार ओर ट्राफी दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 41 हजार ओर ट्राफी इसके अलावा प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर अन्य सैकड़ो पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे।

# युवाओं को बजट से जोड़ने के लिए हुआ विशेष प्रचार-प्रसार

(ब्यूरो रिपोर्ट 8349303313)

**धार।** केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को देश की अर्थव्यवस्था और केंद्रीय बजट 2026 से जोड़ने के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी पहल माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 का धार जिले में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में माय भारत धार द्वारा PG कॉलेज धार में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रचार-प्रसार अभियान के तहत प्राचार्य एस.एस. बघेल, एनएसएस जिला संगठक के एस चौहान, डॉक्टर आयशा खान एवं जिला युवा अधिकारी द्वारा माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 पोस्टर का विमोचन किया गया।



जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने युवाओं को बताया कि वे किस प्रकार माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ में भाग ले सकते हैं।

### युवाओं में दिखा भारी उत्साह

अभियान के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बजट 2026 के पोस्टर प्रदर्शित कर इस प्रतियोगिता में भाग लेने का संकल्प लिया। माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में चयनित होने वाले विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत बजट के विजन पर संवाद करने का अवसर प्राप्त होगा।

## वन विभाग द्वारा मनमानी तरीके से किया जा रहे हैं कार्य को रोकने के लिए पेसा गांव सभा का आयोजन हुआ

(जुबेर अहमद)

**धरियावद।** दिनांक 5/2/2026 को गांव मांडकला तहसील धरियावद जिला प्रतापगढ़ में अध्यक्ष गुलाब डिंडोर की अध्यक्षता में पेसा गांव सभा का आयोजित की गई। गांव सभा का आयोजन करने का मुख्य कारण वन विभाग अपनी मर्जी से कार्य को प्रस्तावित कर अपनी मन मर्जी से चालू करवाना चाह रहा है। जिस मेट ने डिमांड डाली थी उससे पूछा गया किसकी अनुमति से डाली तो उसने बताया फोरेस्टर ने फोन कर कहा था कि आपके गांव में वन विभाग द्वारा काम किया जाएगा काम आया है। इस कारण गाव सभा में निर्णय लिया गया की गाव सभा की अनुमति के बिना विभाग कार्य नही करेगा और अगर उनको काम करवाना है तो जहाँ गाव सभा मंजूरी देगी उस जगह कार्य करे बिना गांव सभा की अनुमति कार्य नही करने देंगे अगर विभाग फिर भी मनमानी करता है तो हम



राज्यपाल को भी इस विषय पर प्रस्ताव देंगे। पेसा गांव सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में वन विभाग के मनमानी रवैया से किया जा रहे हैं कार्य को रोकने का प्रस्ताव पास किया। पेसा गांव सभा में गांव के लगभग 200 से ज्यादा महिला पुरुष उपस्थित थे। पेसा कानून के विशेषज्ञ संदर्भ व्यति जवाहर सिंह डागुर ने भी गांव सभा एवं पेसा कानून की जानकारी उपलब्ध कराई।

# एंबुलेंस की टक्कर से हुई शुभम चौहान की मौत



आलोट (अनिल भराव)। आलोट में पिछले दिनों मुख्यमार्ग स्टेशनरोड पर एक एम्बुलेंस चालक द्वारा तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आ रहे शुभम चौहान की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे शुभम और उनके साथी उछल कर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद आसपास गुजर रहे राहगीर ने शुभम को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया लेकिन वहां न्यूरोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण वहां से भी शुभम को गुजरात के बड़ौदा पारुल अस्पताल में भेजा गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिसकी खबर मिलते ही पूरे नगर में शोक छा गया ज्ञात हे कि शुभम चौहान विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता होकर मृदभाषी एवं मिलनसार व्यक्तिव था तथा अपने परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी भी शुभम पर ही थी क्योंकि इनके पिता जो कि मानसिक रूप से विकलांग हे तथा उनकी पत्नी एवं एक बच्चे के साथ छोटा भाई हे जो कि बेरोजगार है।

ऐसे में परिवार के कमाऊ पुत्र के चले जाने के बाद परिवार के पालन पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है। जिसको लेकर शुभम चौहान मित्रमंडल के सदस्य परोक्ष भरावा, वैभव मांदलिया, नीरज सोनगरा, विमल गुप्ता, विकास सोनगरा,विवेक फरक्या, अक्षत काला, आदि ने कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन एस.डी.एम. को प्रस्तुत किया जिसमें बताया गया कि 108 के एंबुलेंस ड्राइवर दीपक भानोपिया द्वारा तेजगति से तथा लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आ रहे शुभम चौहान की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण शुभम की मौत हो गई। अनिल भराव मारने के बाद भी ड्राइवर ने गाड़ी नहीं रोकी और शुभक को घायल छोड़कर भाग गया।

शुभम परिवार का एक मात्र सहारा था उसकी मौत के बाद परिवार को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा हे तथा पत्नी एवं 2 वर्ष के बच्चे की परवरिश की चिंता सता रही हे ऐसे में शासन की योजना के तहत परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जावे तथा दुर्घटना की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही की जावे।


# पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

(आशीष वाणी)

आलीराजपुर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कट्ठीवाड़ा ने ग्राम अगरन तहसील कट्ठीवाड़ा के निवासी श्री अल्पेश पिता वरचन्द उम्र 02 वर्ष की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के तहत चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

यह आर्थिक सहायता मृतक के वैध वारिश उसकी माता मुली पति वरचन्द को सौंपी जाएगी।

# बालक एवं कुमार श्रमिक विमुक्ति अभियान



(जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे)

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार संगठित क्षेत्र के अंतर्गत समस्त छोटे एवं बड़े संस्थानों जैसे कारखाना, ढाबा, औद्योगिक क्षेत्र, होटल, दुकान, ऑटोमोबाईल, ऑटो गैरेज एवं असंगठित क्षेत्र जैसे खदान, ईट भट्टे, कुड़ा बिनना, स्क्रेप मार्केट एवं निर्माण क्षेत्र में बालक एवं कुमार श्रमिकों की विमुक्ति हेतु विशेष अभियान 26 जनवरी, 2026 से चलाया जा रहा है। अभियान में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जिला टॉस्क फोर्स एवं एनजीओ के परस्पर सहयोग से बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया जाकर विमुक्ति की कार्यवाही की जानी है। इस संबंध में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने निर्देश दिये है कि बालक एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 के प्रावधानों से नियोजकों को अवगत कराया जावें कि, वे किसी भी स्थिति में 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम न ले, इसी प्रकार खतरनाक उद्योगों की श्रेणी में आने वाले उद्योगों में 14 से 18 आयुवर्ग तक के कुमार को नियोजित न करें।

श्रम पदाधिकारी श्री कन्हैयालाल मोरे ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा नियोजकों को बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए विशेष प्रचार-प्रसार, पोस्टर आदि वितरित किये जा रहे है तथा दुकानों, ढाबों, ईट भट्टों एवं स्टोन क्रेशर आदि पर निरीक्षण कार्यवाही विशेष रूप से की जा रही है। जिसमें अब तक 13 निरीक्षण संपादित किये गये। निरीक्षण के दौरान बालक अथवा कुमार का नियोजन नहीं पाया गया।

# समस्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए तनाव प्रबन्धन कार्यशाला आयोजित

(आशीष वाणी)

आलीराजपुर। प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में तथा प्रभारी जिला पंचायत सीईओ वीरेंद्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे मुख्यालय स्थित समाधि स्थल, दाहोद नाका पर सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस तनाव प्रबन्धन कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यजनित तनाव को कम करना, उनमें नई ऊर्जा का संचार करना तथा शासकीय कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में तनाव मुक्त रखना है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूनम जोशी पांडे एवं योग अधिकारी





कैलाश चंद्र जोशी द्वारा योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग गुरु पतंजलि के अनुसार योग मन की समस्त वृत्तियों को शांत करने का माध्यम है। इस दौरान अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग क्रियाओं के अभ्यास से कार्यशाला में उपस्थित समस्त जन में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास का माहौल रहा। कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तपिस पांडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री दीपिका पाटीदार, जनपद पंचायत सीईओ गोपाल शरण प्रजापति, सुश्री प्रिया कांग सहित जिले के समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को दी शैक्षणिक सामग्री

(ब्यूरो चीफ राकेश सिंह)
8226096301

**बैतूल। शिवसेना नगर महिला अध्यक्ष ऊषा अतुलकर ने अपने जन्मदिन को सेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए शासकीय प्राथमिक शाला रामनगर, बैतूल वार्ड-जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 25 के विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री, कॉपी, पेन और पेंसिल का वितरण किया।**

कार्यक्रम में ऊषा अतुलकर ने कहा कि बच्चों की शिक्षा ही समाज का भविष्य तय करती है और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर सुधा खण्डारे, मीना उइके, गीता सेन्द्रे, ईमला अमझरे, रश्मि उइके, सीया गुप्ता, मुन्नी किरोदे, छोटी माहोरे, शकुन अमझरे, साक्षी अमझरे, किरण अमझरे, साहिस्ता बानो, दुर्गा किरोदे, पुष्पा हिवरखेडे, ऊवा अतुलकर, रेखा शेल्के एवं सावित्री माहोरे की विशेष उपस्थिति



रही।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा का किया गया समापन





दमोह। शहर के असाटी वार्ड नंबर एक असाटी समाज दमोह द्वारा संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा आयोजन में कथा वाचक श्री श्रेद्धय नीरज नयन जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा कथा श्रवण कराई गई, जिसमें सातवें दिवस श्री सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई का प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, साथ ही जिला प्रचारक आरएसएस श्री भइयन जी, नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरू राय, वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे, डॉक्टर यदु वीना, डॉ श्रद्धा गंगेले, जेल मंदिर पंडित संजय गौतम शामिल हुए एवं महाराज जी का आशीर्वाद लिया। वहीं आठवें दिवस हवन पूजन के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा का समापन किया गया। एवं भंडारा आयोजन में सभी लोगों ने महाप्रसादी गृहण किया एवं जलविहार किया गया। इस अवसर पर असाटी समाज वरिष्ठ समिति, नवयुवक मंडल, महिला मंडल मौजूद रहा।


# नोहलेश्वर महोत्सव में पुरातत्व विभाग की प्रदर्शनी का राज्यमंत्री श्री लोधी ने किया शुभारंभ, प्रदर्शनी में पुरातत्व विभाग के महत्वपूर्ण स्मारकों के कट आउट्स भी प्रदर्शित किए गए

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के तत्वावधान में, कार्यालय उपसंचालक, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय ग्वालियर द्वारा नोहटा महोत्सव आयोजन वर्ष 2025-26 में कांस्य प्रतिमाओं में शैव परम्परा एवं मध्य प्रदेश के महत्पूर्ण स्मारक पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ नोहटा महोत्सव में किया। राज्यमंत्री श्री लोधी द्वारा विभागीय प्रदर्शनी की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर उपसंचालक ग्वालियर पी. सी. महोबिया, उपसंचालक जबलपुर के.एल. डाभी, मानचित्रकार जबलपुर प्रमोद राव एवं प्रभारी उपयंत्री ग्वालियर सपन साहू खासतौर पर मौजूद रहे।

कांस्य प्रतिमाओं में शैव परम्परा पर आधारित इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के संग्रहालयों में प्रदर्शित शिव परिवार से संबंधित कांस्य प्रतिमाओं के छायाचित्रों को उनके संदर्भ और महत्व सहित प्रदर्शित किया गया है, जिससे दर्शकों को धरोहरों की सुंदरता और उनके संरक्षण की आवश्यकता को समझने का अवसर मिल रहा है। प्रदर्शनी में पुरातत्व विभाग के महत्वपूर्ण स्मारकों के कट आउट्स भी प्रदर्शित किए गए हैं, जो मध्य प्रदेश के समृद्ध पुरातत्व को इंगित करते हैं। प्रदर्शनी में विभागीय प्रतिकृति एवं प्रकाशन जनसामान्य के अवलोकन एवं क्रय हेतु उपलब्ध है।

उपयंत्री ग्वालियर सपन साहू द्वारा बताया गया कि यह प्रदर्शनी नोहटा महोत्सव (05 फरवरी से 15 फरवरी) मेले के समापन तक दर्शकों के लिए निःशुल्क रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें और धरोहरों के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।





# कुकडेश्वर में नगर परिषद द्वारा महाशिवरात्री पर्व पर दस दिवसीय मेले का आयोजन

(राजू पटे)

**कुकडेश्वर। महाशिवरात्री मेले के आयोजन एवं अन्य विषयो पर चर्चा हेतु नगर परिषद का साधारण सम्मेलन दिनांक 06 फरवरी 2026 को न.प. अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेन्द्र पटवा की अध्यक्षता में नगर परिषद सभाकक्ष में आयोजित किया गया।**

बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली उज्जवल पटवा पार्षदगण श्रीमती कलाबाई प्रेमचन्द तमोली, श्रीमती टीना सागर पेण्टर, महेश(छोटु) टोड़ावाल, श्रीमती लक्ष्मीबाई रामू कछावा, श्रीमती कौशल्याबाई लीलाधर (काजु) मोदी, भागीरथ मालवीय, सुनिल तेजावाला, श्रीमती संगीता प्रमोद (बाबु लाण्ड्री), शम्भुदयाल मिलन, श्रीमती बबलीबाई नन्दलाल मालवीय, श्रीमती शान्ती विजेश माली, सुनील (मुकेश) बागोरिया, राजु रामचन्द्र खाती, कैलाश मालवीय घाटी (विधा.प्रति.) उपस्थित थे। बैठक में महाशिवरात्री पर्व पर दस दिवसीय भव्य मेले का आयोजन दिनांक 15 फरवरी



2026 से 24 फरवरी 2026 तक किये जाने का निर्णय लिया गया। मेला समिति अध्यक्ष श्रीमती कौशल्याबाई लीलाधर (काजु) मोदी को सर्वानुमति से मनोनित किया गया। इसके साथ ही परिषद बैठक में सुन्दर तालाब पर सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु प्राप्त निविदा दर स्वीकृत की जाकर वित्तीय स्वीकृति दी गई। वार्ड 06 रावला मोहल्ला में निर्मित 06 दुकानो की निलामी के संबंध में चर्चा व नामान्तरण प्रकरणो की स्वीकृति दी गई।

उक्त जानकारी कमलसिंह परमार मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने देते हुये बताया कि महाशिवरात्री मेले हेतु प्लाटो का आवंटन दिनांक 10 एवं 11 फरवरी को मेला परिसर में किया जावेगा। इच्छुक व्यापारी नियत दिनांक को उपस्थित रहकर प्लाट आवंटन प्राप्त करे। मेले में संस्कृति विभाग म.प्र. शासन द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जावेगा। मेले में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर मेले को भव्यता प्रदान करे।

# सेहपुरा में पाँच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

**राजेश लोधी (गोलू)/ मो. 8358891367**

**अशोकनगर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जीवन गाथा पर आधारित पाँच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन मुंगावली तहसील के अंतर्गत ग्राम सेहपुरा में किया जा रहा है।**

यह आयोजन लगातार 10वें वर्ष आयोजित हो रहा है जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्रीराम कथा का आयोजन दिनांक 6 फरवरी 2026 (शुक्रवार) से 10 फरवरी 2026 (मंगलवार) तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

कथा वाचन का दायित्व राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परम पूज्य राजेश रामायण जी महाराज सागर द्वारा निभाया जाएगा आयोजकों के अनुसार हनुमान जी महाराज एवं ठाकुर जी महाराज की असीम कृपा से यह धार्मिक आयोजन संपन्न होगा, जिसमें श्रद्धालु परिवार सहित पधारकर धर्मलाभ अर्जित कर सकेंगे। कथा स्थल के रूप में श्री संकट मोचन हनुमान जी मंदिर एवं श्री बांके बिहारी मंदिर, ग्राम सेहपुरा को चुना गया





है। आयोजन का संचालन समस्त ग्रामवासी एवं श्रीराम कथा सेवा समिति ग्राम सेहपुरा मुंगावली द्वारा किया जा रहा है।

कलश यात्रा का आयोजन 6 फरवरी 2026, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

धार्मिक वातावरण, संगीतमय प्रस्तुति और भक्ति भाव से परिपूर्ण इस श्रीराम कथा आयोजन को लेकर क्षेत्र में व्यापक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# आदर्श रोड मल्टीलेवल पार्किंग का महापौर ने किया निरीक्षण, अप्रैल तक शुरू होगी पार्किंग सुविधा

**इंदौर। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने और पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पलासिया स्थित आदर्श रोड पर निर्माणाधीन मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, राकेश जैन, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, नगर निगम आयुक्त अभय राजांगांवकर समेत संबंधित एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे।

**अप्रैल तक पार्किंग शुरू करने का लक्ष्य**

महापौर भार्गव ने बताया कि इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थान उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा, सुभाष नगर मल्टीलेवल पार्किंग शुरू हो चुकी है। आदर्श रोड पर बीओटी आधार पर जो मल्टीलेवल पार्किंग तैयार हो रही है, उसे अप्रैल तक शुरू करने का लक्ष्य है। इससे आदेश रोड और ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव काफी कम होगा।

**150 कारों और उतनी ही दोपहिया वाहनों की क्षमता**

महापौर ने जानकारी दी कि



निर्माणाधीन पार्किंग में 150 कार और लगभग 150 दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी।

शुल्क नगर निगम के निर्धारित दरों के अनुसार रहेगा। उन्होंने स्वीकार किया कि निर्माण की रफ्तार कुछ धीमी है, लेकिन निगम ने हाल ही में विभिन्न पार्किंग स्थलों पर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

**जागरूकता और कड़ी कार्रवाई होगी**

महापौर ने कहा कि लोगों को निर्धारित पार्किंग का उपयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

अगर लोग निर्धारित पार्किंग में वाहन नहीं खड़ा करेंगे, तो उनके चालान भी बनाए जाएंगे। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना प्राथमिकता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस मल्टीलेवल पार्किंग के शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। और स्थानीय नागरिक भी इसका लाभ लेंगे।

## करंट से युवक की मौत पर बवाल: एफआईआर से नाराज परिजनों का थाने से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन, अस्पताल के बाहर धरना

**(राजेश लोधी (गोलू)/ मो. 8358891367)**

**अशोकनगर।** शहर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी में करंट लगने से 34 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत के बाद परिजनों में आक्रोश भड़क उठा। पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से असंतुष्ट परिजनों ने गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग को लेकर आज सुबह कोतवाली थाने से कलेक्ट्रेट और जिला अस्पताल तक प्रदर्शन किया तथा अस्पताल के बाहर धरना देकर चक्का जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार, मानक चौक निवासी हाल त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी राजेश अहिरवार गुरुवार को बगुल्या गांव निवासी शिवकुमार रघुवंशी के यहां ड्राइवर का काम करने गया था। दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि बिजली से जुड़े कार्य के दौरान उसे करंट लग गया। परिजनों का आरोप है कि राजेश को बिजली कार्य का कोई अनुभव नहीं था, फिर भी उसे बिना सुरक्षा उपकरणों के खंभे पर चढ़ा दिया गया, जिससे करंट लगने पर उसकी हालत गंभीर हो गई। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपी मौके से





फरार हो गया और समय पर इलाज न मिलने से राजेश की जान चली गई। अस्पताल चौकी की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और मृतक की पत्नी के बयान पर आरोपी के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, परिजन इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं और लापरवाही व गैरइरादतन हत्या जैसी गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर आज सुबह बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई।

# सफलता के लिए अनुशासन, अथक मेहनत और निरंतर परिश्रम आवश्यक-जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल

**दमोह। परीक्षा पर चर्चा का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले की महिला शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया।**

यह आयोजन एमएलबी विद्यालय, दमोह में संपन्न हुआ, जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेंद्र कटारे ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत दमोह की अध्यक्ष प्रीति राजू ठाकुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। आयोजन का प्रयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह 'परीक्षा पर चर्चा' का 9वां संस्करण है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से मुक्त कर उन्हें सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी एवं एपीसी मोहन राय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. मंजू कटारे ने रोचक शैली में छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और एकाग्रता के साथ परीक्षा की तैयारी करने की प्रेरणा दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, अथक मेहनत और निरंतर परिश्रम आवश्यक है, जो विद्यार्थी जीवन की मजबूत नींव बनता है।

कार्यक्रम में रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा बोर्ड परीक्षा की छात्राओं के सम्मान में प्रेरक गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में युवा नाट्य मंच के अध्यक्ष एवं रंगकर्मी राजीव अयाची ने कला कौशल, करियर विकल्पों एवं परीक्षा में समय प्रबंधन विषय पर प्रेरणादायक संवाद किया। उन्होंने कहा कि करियर के क्षेत्र असीमित हैं और विद्यार्थियों की उड़ान भी असीमित हो सकती है।

कार्यक्रम में 1000 से अधिक छात्राएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रुति राजपूत एवं सपना जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन आर.बी. सिंह एवं डी.पी. सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के साथ हुआ।





# नोहलेश्वर महोत्सव सेवा और संस्कृति का संगम-धर्मेन्द्र सिंह लोधी

**दमोह।** नोहटा स्थित ऐतिहासिक नोहलेश्वर मंदिर परिसर में 5 से 15 फरवरी तक आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव के अंतर्गत 6 फरवरी 2026 को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येन्द्र सिंह लोधी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कृष्णभाव फाउंडेशन के तत्वावधान में, राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के सौजन्य एवं आर.पी. फाउंडेशन के सहयोग से पीपुल्स हॉस्पिटल, भानपुर भोपाल द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया। पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने हजारों मरीजों की गहन स्वास्थ्य जांच की। शिविर में सामान्य रोगों के साथ-साथ हृदय रोग, मधुमेह, नेत्र रोग, हड्डी रोग, महिला एवं बाल रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श के साथ निःशुल्क



दवाइयां भी वितरित की गईं। 7 फरवरी को भी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**गंभीर मरीजों को भोपाल रेफर करने की व्यवस्था**

महोत्सव मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन ने बताया कि राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने अतिथियों के साथ शिविर स्थल पर पहुँचकर मरीजों का कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जांच के दौरान जिन मरीजों की स्थिति गंभीर पाई गई, उन्हें बेहतर उपचार हेतु निःशुल्क वाहन सुविधा के माध्यम से भोपाल रेफर करने की समुचित व्यवस्था की गई।

**जनसेवा की सच्ची भावना का प्रतीक**

इस अवसर पर राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जनसेवा की सच्ची भावना का प्रतीक है। ग्रामीण और दूर-दराज़ क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की दिशा में सशक्त कदम हैं।

# दो हजार फुट बिजली तार चोरी के बाद भी पुलिस ने नहीं की रिपोर्ट दर्ज, एक माह से थाने चक्कर काट रहा पीड़ित किसान

**राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367**

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अखाई टप्पा के एक किसान ने पुलिस की निष्क्रियता से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। किसान के खेत से सिंचाई में उपयोग होने वाली करीब 2 हजार फुट बिजली की तार (डोरी) चोरी हो गई, लेकिन शिकायत के बावजूद थाना स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरन अहिरवार (40 वर्ष), पुत्र ओमकार अहिरवार, निवासी अखाई टप्पा, 5 जनवरी 2026 को अपने कुएं से खेत में पानी दे रहे थे। उसी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत से बिजली की डोरी चोरी कर ली गई। पीड़ित किसान ने आरोप लगाया है कि गांव के ही अरुण अहिरवार पर चोरी का संदेह है, जो घटना के बाद भोपाल भाग गया। किसान का कहना है कि घटना की सूचना पुलिस



थाना कचनार को दी गई, लेकिन अब तक न तो आरोपी की तलाश की गई और न ही कोई कानूनी कार्रवाई की गई। इससे किसान को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सिंचाई कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। पीड़ित ने आज दोपहर के समय पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुर्वेदिक एड-ऑन थैरेपी से सिकल सेल एनीमिया के 1545 रोगियों को किया गया लाभान्वित

**(संजय जैन सह संपादक)**

**झाबुआ।** आयुष मंत्रालय, भारत शासन के आदेशानुसार सिकल सेल एनीमिया राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिले में सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित रोगियों को समन्वित एवं पूरक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर नेहा मीना के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा इस दिशा में विशेष अभियान संचालित किया गया। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त सिकल सेल पॉजिटिव रोगियों की सूची के अनुसार विगत तीन माह से आयुष विभाग की समस्त आयुष संस्थाओं द्वारा घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित रोगियों को एलोपैथिक उपचार के साथ एड-ऑन थैरेपी के रूप में आयुर्वेदिक औषधियाँ निःशुल्क वितरित की गईं। आयुष विभाग के चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा औषधि वितरण के साथ-साथ रोगियों को औषधि सेवन की विधि, नियमितता, आहार-विहार एवं आवश्यक सावधानियों



के संबंध में भी परामर्श प्रदान किया गया। इस समन्वित प्रयास के माध्यम से जिले में अब तक कुल 1545 सिकल सेल एनीमिया पॉजिटिव रोगियों को आयुर्वेदिक उपचार का लाभ प्रदान किया गया है।

# पत्नी के लापता होने पर पति ने लगाया अपहरण का आरोप, एसपी से लगाई मदद की गुहार

**राजेश लोधी (गोलू) मो. 8358891367**

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मलउखेड़ी गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने और उसे बहला-फुसलाकर भगाए जाने की आशंका जताते हुए आज दोपहर के समय कलेक्ट्रेट में पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सुनील अहिरवार ने आवेदन देकर बताया कि उनकी पत्नी फूलबाई अहिरवार 2 फरवरी 2026 को बिना बताए घर से चली गई थी। इस संबंध में बहादुरपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कर गुम इंसान क्रमांक 06/26 कायम किया गया है। पीड़ित पति का आरोप है कि विदिशा जिले के नौरजा निवासी सिरनाम सिंह पुत्र नितिन सिंह



उसकी पत्नी को अपने साथ ले गया है तथा इस कार्य में एक अन्य व्यक्ति द्वारा भी सहयोग किया गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से पत्नी की सुरक्षित बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।